आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 जून 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फिरोजाबाद में छह सौ अट्‌ठावन करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार कारीगरों और उद्यमियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, उनके विकास और प्रोत्साहन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्री योगी ने कहा कि फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग नवाचार का एक नया केंद्र बनकर उभरा है।

फिरोजाबाद का ग्लास का उद्योग नवाचार का एक नया केंद्र बना है। इसने चीन को पछाड़ दिया है। पहले, होली, दीपावली, विजयादशमी, कोई पर्व और त्यौहार आता था, हम लोग देखते थे कि चीन से बने हुए उत्पाद ही मार्केट में पहुँचती थी। अब यहाँ के कारीगरों ने नयी तकनीक ली, कारीगरों ने डिजाइन तय की। मार्केट की डिमांड क्या है उसके अनुरूप बनाना शुरू कर दिया। परिणाम है, अब दीपावली हो या विजयादशमी, होली हो या कोई पर्व और त्यौहार, जन्मदिन या कोई भी अन्य आयोजन, कोई अतिथि आता है तो ग्लास की एक सुंदर सी मूर्ति, सुंदर सी प्रतिकृति जब अतिथि को मिलती है तो वो देख कर के भौंचक रहता है। वो देखते ही रह जाता है कि ये किसने बनाया है! तो मैं कहता हूँ ये फिरोजाबाद के हमारे कारीगरों ने बनाया है, वहाँ के उद्यमियों के परिश्रम का ये परिणाम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को चाबी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र और चेक का वितरण भी किया।

****

लखनऊ के अलीगंज इलाके में आज एक दुकान के ऊपर चल रहे कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई जिससे अफरा तफरी मच गई। दमकलकर्मी, पुलिसकर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में लगे हैं। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और स्थानीय प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ टीमों द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों का जायजा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि लखनऊ में अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में योगी की पाती साझा करते हुए वर्षा ऋतु के आगमन पर लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्षा ऋतु नवसृजन, संवर्धन और समृद्धि का आगमन है। वर्षा ऋतु के साथ चातुर्मास का यह समय हमें प्रकृति के साथ सह–अस्तित्व, संयम, संवेदनशीलता और संतुलित जीवन का संदेश देता है। श्री योगी ने कहा कि वर्षा के समय आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी होती हैं, इसलिए उस समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और पेड़ों के नीचे खड़े न हों। उन्होंने कहा कई बार अतिवृष्टि के कारण नदियों एवं जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है। अतः इस दौरान नदियों एवं जलाशयों में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतें। श्री योगी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने, जल संचयन और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का एक लेख साझा किया। इस लेख में कानून व्यवस्था को मजबूत करने, न्याय की प्रक्रिया को आसान बनाने और नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की सरकार की कोशिशों का उल्लेख किया गया है।

****

कुख्यात अपराधी ललन सिंह को कल रात सहारनपुर में उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल– एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। उस पर एक लाख पचीस हजार रुपए का इनाम था।

****

बहराइच जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में दो भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बनी पुलिया से टकराने के कारण हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

****

गोरखपुर, महराजगंज और कुशीनगर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ हुई हल्की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर समेत कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

****